Regarding need for permanent riverbank embankment in Palamu and Garhwa districts of Jharkhand- Laid

श्री विष्णु दयाल राम **(पलामू) :** पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गढ़वा एवं पलामू जिलों में कोयल, सोन एवं अमानत नदियों द्वारा हो रहे तीव्र कटाव की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ । गढ़वा जिला के काण्डी प्रखण्ड में ग्राम मोखापी से सुण्डीपुर, जयनगरा, खरौंधा, गाड़ा, गाड़ा खुर्द, कसनद तक कोयल नदी एवं सुण्डीपुर से श्रीनगर तक ग्राम नारायणपुर, बाराडीह, बनकट, गाड़ाखुर्द, सोनपुरवा, नरवाडीह, कालागाढ़ा, बलियारी, बुनियाद विगहा, सड़की, शिवरी, डुमरसोता एवं श्रीनगर तक सोन नदी के तेज बहाव के कारण निरंतर और तेज कटाव हो रहा है । पलामू जिला के मेदिनीनगर के ग्राम बड़कागांव से खनवां, जोड एवं सिंगरा तक अमानत एवं कोयल नदी द्वारा लगातार कटाव जारी है । इस कटाव के कारण लगभग 6-7 किलोमीटर तक फैली सिंचित एवं उपजाऊ कृषि भूमि नष्ट हो रही है, और अब कई स्थानों पर आवासीय क्षेत्र भी कटाव की चपेट में आने लगे हैं, जिससे ग्रामीण परिवार पलायन को मजबूर हो रहे हैं । विदित है कि उक्त मामले को मैं पूर्व में भी सदन के माध्यम से उठाता रहा हूँ । जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध करता हूँ कि झारखंड सरकार के साथ समन्वय स्थापित करते हुए उपरोक्त प्रभावित क्षेत्रों में तटबंध निर्माण एवं कटाव-रोधी स्थायी उपायों को अविलंब सुनिश्चित कराने की कृपा की जाये ।